

मेरे बच्चे को बहरेपन की जाँच की आवश्यकता क्यों है?

आपके बच्चे की, उसके जीवन के पहले कुछ सप्ताहों में, स्वास्थ्य से संबंधित कई जाँच की जाएँगी। इनमें से एक जाँच बहरेपन से संबंधित होगी। सुनने की शक्ति संबंधी जाँच, जन्म के बाद जल्द से जल्द की जाएगी।

जब आप व आपका बच्चा अस्पताल में हैं यदि तब यह जाँच करना संभव नहीं होता है तो अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जल्द ही आपके बच्चे की सुनने की क्षमता की जाँच आउटपेशेन्ट विभाग में या किसी स्थानीय सामुदायिक स्थल पर की जाएगी।

मेरे बच्चे को बहरेपन की जाँच की करवाने की आवश्यकता क्यों है?

करीब 1000 नवजात शिशुओं में से एक या दो की सुनने की क्षमता काफ़ी कम होती है।

जल्द से जल्द यह जानना आवश्यक है कि आपके बच्चे की सुनने की शक्ति कितनी अच्छी है, जिससे कि आपको व आपके बच्चे को सही सलाह व सहायता मिल सके। जब बच्चे अपना पहला शब्द बोलते हैं, तब तक एक वर्ष से वे हमारे बोलने के तरीक़े को सुन रहे होते हैं।

मेरे बच्चे की बहरेपन की जाँच कैसे की जाएगी?

जब आपका बच्चा सो रहा होगा या चुपचाप आराम कर रहा होगा/आराम से लेटा होगा, उस समय एक प्रशिक्षित जाँच-कर्त्ता यह जाँच करेगा। जब यह जाँच की जा रही होगी उस समय यदि आप चाहें तो अपने बच्चे के साथ वहाँ पर रह सकती हैं।

जाँच-कर्त्ता आपके बच्चे के सिर पर छोटे संवेदक पैड (sensor pads) रखेगा और इयरफ़ोन द्वारा आपके बच्चे के कान में हल्की खट-खट की आवाज़ें करेगा। आवाज़ सुनने पर आपके बच्चे की प्रतिक्रिया को यह सेन्सर पैड रिकॉर्ड कर लेगा।

आमतौर पर, इस जाँच से बच्चा परेशान नहीं होता है। जाँच पूरी करने में 10-20 मिनिट लग सकते हैं।

परिणाम

जैसे ही बहरेपन की जाँच पूरी हो जाएगी, उसका परिणाम आपको समझाया जाएगा और बच्चे के निजी स्वास्थ्य रिकॉर्ड (नीली किताब) में दर्ज कर दिया जाएगा।

यदि परिणाम से पता चलता है कि जाँच दुबारा करनी होगी, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आपके बच्चे को बहरापन है। इस परिणाम के अन्य कारण भी हो सकते हैं। दुबारा जाँच करवाने का सबसे आम कारण होता है जन्म के बाद आपके बच्चे के कान में तरल पदार्थ या कोई अन्य अवरोध होना।

मेरा बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता है तो मुझे क्या करना चाहिए ?

सुनने की शक्ति हमेशा एक सी नहीं रहती।

अपने बच्चे के बोलने, व भाषा के विकास तथा आवाज़ सुनने पर उसकी प्रतिक्रिया पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है।

अपने बच्चे के विकास पर नज़र रखने के लिए आप अगले पृष्ठ पर दी गई जाँच-सूची देख सकते हैं।

भविष्य में यदि आपको अपने बच्चे की सुनने की शक्ति या बोलने व भाषा विकास के विषय में कोई चिन्ता है तो कृपया अपने बच्चे की सुनने की शक्ति की जाँच करवाने का प्रबंध करें। अपने परिवार के डॉक्टर से किसी उपयुक्त सेवा में अपने बच्चे की सुनने की शक्ति की जाँच करवाने के लिए रेफ़रल लें।

सुनने की शक्ति की जाँच किसी भी आयु में की जा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया नीचे दी गई वेबसाईट पर देखें:

http://www.health.nsw.gov.au/kids-families

स्थानीय संपर्क / मिलने का विवरण

स्वास्थ्य संबंधी सलाह के लिए हैल्थ डायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया से
http://www.healthdirect.gov.au/
(healthdirect Australia) पर
या 1800 022 222 पर संपर्क करें

NSW GOVERNMENT | Health

Hindi - Why does my baby need a hearing screen?

SWIS-H
STATEWIDE INFANT
SCREENING - HEARING

सुनने की शक्ति संबंधी जाँच-सूची

जन्म से 3 महीने तक	ऊँची आवाज़ सुनने पर बच्चे में प्रतिक्रिया होती है
	जाने-पहचाने स्वर व आवाज़ें सुनने पर शान्त हो जाता है
	कूँ-कूँ करने की आवाज़ें निकालता है
	बात किए जाने पर प्रतिक्रिया करता है बात करने वाले के चेहरे की तरफ़ देखता है
3-6 महीने तक	आवाज़ आने वाली दिशा की तरफ़ आँखें व सिर घुमाता है
	बातें करने जैसी आवाज़ें निकालनी शुरू करता है
	कैसा महसूस कर रहा है यह बताने के लिए हँसना व आवाज़ें निकालना
6-9 महीने तक	तुतलाना, 'दादा' 'मा-मा' 'बाबा'
	ध्यान आकर्षित करने के लिए चीखना/आवाज़ें निकालना
	'नहीं' व अपना नाम सुनने पर प्रतिक्रिया करना
	गाना व संगीत सुनने पर प्रतिक्रिया करना
9-12 महीने तक	दूसरे लोगों की आवाज़ की नकल करना
	सरल से शब्द, जैसे कि 'बॉल', 'कुत्ता', 'पापा' समझना
	मन्द स्वरों को सुन कर सिर घुमाना
	पहले शब्द बोलना
12-18 महीने तक	हर सप्ताह में नए शब्दों को समझना
	सरल बोले जाने वाले निर्देशों का पालन करना, जैसे कि 'बॉल लेकर आओ'
	पूछे जाने पर लोगों, शरीर के अंगों या खिलौनों की ओर इशारा करना
	बोलने के लिए लगातार नए शब्द सीखना, हाँलाकि हो सकता है वे स्पष्ट न हों
18-24 महीने तक	बच्चा करीब 100-200 शब्दों का प्रयोग कर सकता है और वही नियमित रूप से बोलता है।
	सरल कहानियों या गानों को सुनता है
	दो या अधिक शब्दों को जोड़ कर छोटे-छोटे वाक्यों में बोलना, जैसे कि 'और जूस'

ध्यान देने लायक:

NSW GOVERNMENT | Health

© NSW Health September 2016 SHPN (NKF) 150185